**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के दौरान गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और संस्थानों को चुनाव कार्यों से अलग रखने का दिया निर्देश।**

2. **भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड रहे तीस नेताओं को पार्टी से किया निष्कासित, झामुमो ने भी सात सदस्यों को निकाला।**

3. **पूरे प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक जांच अभियान के दौरान एक अरब 51 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नकद जब्त।**

4. **पहले चरण के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर, इंडिया गठबंधन ने सात सूत्री चुनाव घोषणा पत्र किया जारी, भाजपा ने बताया झूठ का पुलिंदा। और**

5. **सीबीआई ने अवैध खनन मामले में रांची, साहिबंगज और गुमला में 17 ठिकानों पर की छापेमारी, 60 लाख रुपये नगद और एक किलो सोना बरामद।**

*****************

चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के दौरान गैर सरकारी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और संस्थानों के चुनाव संबंधी कार्यों में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी है। आयोग ने इस संबंध में सभी जिला चुनाव अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पहले चरण के मतदान के लिए मतदाता पर्चियां इस महीने की आठ तारीख तक वितरित की जाएंगी।

श्री कुमार ने यह भी बताया कि विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों से तलाशी अभियान में एक अरब 51 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध सामग्री और नगदी जब्त की गयी है।

*****************

इधर, विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य भर में जांच अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में पुलिस ने रांची के वाइबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव के घर समेत पांच ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में करीब 68 लाख रुपये कैश और आधा किलोग्राम से ज्यादा सोना समेत कई कीमती वस्तुएं बरामद की गई है।

*****************

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय के रूप में चुनाव लड रहे तीस नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने कहा कि इन भाजपा नेताओं को नामांकन पत्र दाखिल करने और पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लडने के कारण छह वर्ष के लिए निष्कासित किया गया है।

*****************

इधर, झामुमो ने भी पांच जिलों के कुल सात सदस्यों को छह साल तक के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। जिन सदस्यों को निष्कासित किया गया है वे धनबाद, खूंटी, सिमडेगा, रांची और पलामू के हैं।

*****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार जोरों पर है। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के नेता अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच इंडिया गठबंधन ने अपना सात सूत्री चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन, राष्ट्रीय जनता दल के नेता जयप्रकाश नारायण यादव और सीपीआई–एमएल के नेता शुभेंदु सेन की उपस्थिति में घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर श्री खरगे ने कहा कि साझा घोषणा पत्र में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है।

मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा पत्र को गठबंधन की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर घोषणा पत्र से अलग भी कई काम किये जायेंगे।

*****************

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने इंडिया गठबंधन के साझा घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। श्री राय ने कहा कि हेमंत सरकार को पहले पिछले चुनाव में किये गये वादे पूरे करने चाहिए।

*****************

इस बीच कांग्रेस के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा है कि इंडिया गठबंधन जो कहता है उसे पूरा करता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार बनते ही एक–एक कर सभी वादे पूरे किये जायेंगे।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला में आज बात होगी पलामू जिले की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

*****************

साहिबगंज में एक हजार दो सौ पचास करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले में सीबीआई ने झारखंड के अलावा बिहार और पश्चिम बंगाल में 20 ठिकानों पर छापेमारी कर 60 लाख रुपये नगद, एक किलोग्राम सोना और चल–अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद किये है।

*****************

बिहार कोकिला के रूप में प्रसिद्ध लोक गायिका पद्म भूषण शारदा सिन्हा का निधन हो गया है। वह 72 वर्ष की थीं। उन्हें 1991 में पदम श्री और 2018 में पदम भूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई हस्तियों ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

*****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने इंडिया गठबंधन द्वारा साझा घोषणा पत्र जारी करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
**प्रभात खबर ने लिखा है**– एक वोट, सात गारंटी, इडिया गठबंधन ने विधानसभा चुनाव को लेकर जारी किया घोषणा पत्र।
**हिन्दुस्तान की सुर्खी है** रांची में हेमन्त, खरगे, जयप्रकाश और शुभेन्दु ने जारी किया साझा न्यायपत्र– इंडिया् का एक वोट सात गारंटी का ऐलान।
**दैनिक जागरण की** सुर्खी है मदरसा बोर्ड एक्ट वैध, कामिल – फाजिल डिग्री असंवैधानिक।
**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – भोजपुरी गायिका शारदा सिन्हा का दिल्ली एम्स में निधन – छठी मईंया में मिल गई छठ गीतों की साम्रज्ञी – शारदा।

******समाप्त***********